हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 13 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13. 0 डिग्री

निर्माणाधीन महतारी सदन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अफसर

4



## खबर संक्षेप

### निशुल्क रक्त जांच एवं नेत्र जांच और मोतियाबिंद निदान शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के चंडी मंदिर प्रांगण में गुरूवार 13 नवंबर को सुबह 9 से स्वैच्छिक रक्तदान निशुल्क रक्त जांच एवं नेत्र जांच और मोतियाबिंद निदान शिविर का आयोजन रखा गया है। उक्त शिविर में सभी से उपस्थित होकर लाभ लेने का अपील किया गया है।

### सीएमओ अब दो माह में सामान्य सभा की लेंगे बैठक

**राहौद।** अब नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारीयों को प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से सामान्य सभा की बैठक आयोजित करने होंगे। इस आशय का आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने सभी आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारीयों को पत्र जारी किया है। संचालक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 54 में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि कामकाज करने के लिए प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार निगम एवं परिषद् करेंगी, किंतु अधिकांश निकायों में उक्त प्रावधान का पालन नहीं कर रहे हैं । जिससे निर्धारित समयावधि में सम्मिलन आयोजित नहीं होने से अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय के अभाव में योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलम्ब होता है। संचालक ने उक्त प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए समयावधि के भीतर सामान्य सभा की बैठक आहूत सुनिश्चित करने कहा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

### निगरानी बदमाश सतीश को किया जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर क्षेत्र के निगरानी बदमाश सतीश यादव उर्फ बाटा के विरूद्ध जिला बदर करने की कार्रवाई भेजी गई है। निगरानी बदमाश सतीश यादव उर्फ बाटा पिता धनसाय उम्र 29 साल निवासी आईबी रेस्ट हाउस के आगे जांजगीर थाना जांजगीर का निवासी है जिसके विरूद्ध अलग अलग धाराओं के तहत कुल 12 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसमें लुट, डकैती, हत्या का प्रयास, मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने संबंधी मामला दर्ज एवं 04 प्रकरण की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। आदतन बदमाश का जिला बदर का कार्यवाही हेतु विस्तृत प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर को भेजा गया है।

### जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, पांच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जुए के फड पर दबिश देकर पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से ताश पत्ती एवं 11 हजार रुपए की जब्ती बनाई गई है। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 12 नवंबर को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ लोग बलौदा के बेड़ा चौक के पास जुआ खेल रहे है। इसी कडी में 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया।

### दो दिन बाद खुलना है केन्द्र, व्यवस्था तो दूर फड पर भी कही कोई तैयारी नहीं

# समिति अध्यक्ष के साथ आरएईओ व पटवारियों को धान खरीदी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से होनी है। वहीं सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी हडताल पर है। ऐसे में प्रशासन द्वारा समिति अध्यक्ष के साथ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारियों को जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर समिति अध्यक्षों की बैठक ली गई और उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के आदेश के अनुसार शनिवार 15 नवम्बर से प्रदेश के साथ साथ जांजगीर चाम्पा जिले के 101 सेवा सहकारी समिति एवं 129 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जानी है। वही खरीदी कार्य प्रारंभ करने में महज अब दो दिनो का ही समय बाकी रह गया है। इसके बाद भी खरीदी कार्य प्रारंभ करने को लेकर किसी तरह की तैयारियां नजर तक नही आ रही है। धान खरीदी कार्य 15 नवम्बर से प्रारंभ होना है, इसे लेकर बुधवार 12 नवम्बर को सेवा सहकारी समिति अध्यक्षो की बैठक जिला सहकारी बैंक जांजगीर के कार्यालय में आयोजित किया गया था। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अफसर सहित उनके अधिकारी एवं सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बडी संख्या में जिला सहकारी बैंक पहुंचे। इस बीच अधिकारी एवं समिति अध्यक्षो के बीच धान खरीदी कार्य को लेकर चर्चा हुई। चर्चा के बाद समिति अध्यक्ष एवं अफसरो की टीम के द्वारा धान खरीदी कार्य करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए वैकल्पिक ब्यवस्था के तौर पर ठेका के माध्यम से आपरेटरो की व्यवस्था, शासन स्तर से एक कर्मचारी एवं पटवारियो के माध्यम से धान खरीदी कार्य प्रारंभ कराने की बात कही गई। उल्लेखनीय है कि समिति कर्मचारी 4 सूत्रीय मांगो को लेकर सोमवार 3 नवम्बर से अनिश्चित कालिन आंदोलन पर है। उन्हें तीन दिनों के भीतर काम पर लौटने का अल्टीमेटम भी जिला सहकारी बैंक प्रबंधन द्वारा दिया जा चुका है। बावजूद इसके वे काम पर नहीं लौटे है। इधर धान खरीदी शुरू होने में दो दिन का समय ही शेष रह गया है। इसको लेकर केन्द्रों में अभी तक कही कोई तैयारी नहीं हो सकी है। फड़ पर साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य तैयारी भी नजर नहीं आ रही है। इस तरह की स्थिति को देखते हुए अब समिति अध्यक्ष के साथ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारियों के माध्यम से धान खरीदी की शुरूआत समय पर कराने की कवायद हो रही है।



धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्री में अब तक नहीं हो सकी कोई तैयारी।

#### धान खरीदी पर चर्चा

बुधवार को सेवा सहकारी समिति अध्यक्षो की बैठक बुलाई गई थी। बैठक के माध्यम से धान खरीदी कार्य पर चर्चा हुई। साथ ही साथ खरीदी पूर्व फड मे सफाई ब्यवस्था बिजली एवं पालीथीन के समुचित ब्यवस्था को लेकर चर्चा हुई।

**-अमित साहू,**
नोडल अफसर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

#### ... तो पंचनामा करके खोलेंगे ताला और शुरू होगा काम

समिति कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल के चलते कई जगहों पर समितियों में ताला बंदी की नौबत आ गई है। ऐसे में सेवा सहकारी समिति के प्रबंधकों के द्वारा समिति के अध्यक्ष को किसी कारणवश कार्यालय की चाबी नही दी जाती है, तब की स्थिति में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष को कार्यालय खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। वे विधिवत पंचनामा तैयार करके ताला खोलेंगे और धान खरीदी की शुरूआत की जाएगी। इसके साथ ही आपरेटर के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था करने के सुझाव दिए गए है।

#### 25 हजार गठान बारदाने की पडेगी जरूरत

धान खरीदी के लिए जिले में करीब 25 हजार से भी अधिक गठान बारदानो की जरूरत पडेगी। जिले में 300 सौ से भी अधिक पीडीएस दुकानो का संचालन किया जा रहा है। जिनमें अभी कई पीडीएस दुकानो से सेवा सहकारी समितियो को पूरा बारदाना नही मिल पाया है। जिसके चलते इसका असर धान खरीदी पर भी पड सकता है। इधर धान खरीदी कार्य के दौरान बारदानो की कमी हर साल महसूस होती है।

# एक साथ 17 स्थानों पर चला सघन चेकिंग अभियान, 482 वाहन चालक

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर जांजगीर पुलिस की बड़ी



वाहनों की सघन चेकिंग करते यातायात जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को लेकर जांजगीर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बुधवार को जिलेभर में एक साथ व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसमें जिले के 17 अलग-अलग स्थानों पर एक ही समय में प्वाइंट लगाकर वाहन चालकों की जांच की गई।

इस सघन जांच अभियान में पुलिस ने कुल 482 वाहन चालकों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा। इनमें 199 बिना हेलमेट, 122 ट्रिपल सवारी, 15 मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले, तथा 14 शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक शामिल हैं। इसके अलावा 132 अन्य चालकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई की गई।शराब पीकर वाहन चलाने वालों के वाहन जब्त किए गए और उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखना और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना है। एएसपी (यातायात) उदयन बेहार ने बताया कि यातायात पुलिस की टीमों ने जिले के हाईवे, मुख्य मार्गों और व्यस्त चौराहों पर सघन जांच की। वाहन चालकों को नियमों के पालन के प्रति समझाइश दी गई और जो बार-बार गलती करते पाए गए, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें सुरक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। कई स्थानों पर लोगों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# तालाब को पाट कर कब्जे की तैयारी तहसीलदार ने रुकवाया निर्माण कार्य



तालाब किनारे निर्माण कर किया जा रहा कब्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शहर के हृदय स्थल पर स्थित लच्छीबंध तालाब पर लोगों की गिद्ध दृष्टि पड़ गई है। तालाब की भूमि को पाट कर दुकान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मामला प्रकाश में आने के बाद तहसीलदार ने निर्माण पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया है।

चांपा शहर में जिस जगह तालाब स्थित है वह व्यावसायिक दृष्टि से संपन्न है, जिसके चलते लोगों की नजर इस पर गड़ गई है। पहले ही प्रशासन की उदासीनता से तालाब को पाट कर सड़क किनारे दर्जनों व्यावसायिक दुकान बना ली गई है। तालाब का उपयोग निजी हित के लिए किए जाने से नाराज शहर के युवक रविन्द्र मासूलकर ने हाईकोर्ट बिलासपुर में तालाब को संरक्षित करने के उद्देश्य से जनहित याचिका लगाया है। यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है। इधर तालाब की भूमि को पाटकर फिर से व्यावसायिक दुकान बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। मामला प्रकाश में आने के बाद तहसीलदार प्रशांत पटेल ने पटवारी को भेज कर मौके पर निर्माण कार्य में रोक लगा दिया। वहीं तालाब पर दावा करने वालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। तहसीलदार का कहना है तालाब का उपयोग जनहित में किया जाना चाहिए। तालाब का दुरुपयोग करने के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक दशक पहले भी लच्छीबंध तालाब को रातों-रात सैकड़ो हाइवा से मिट्टी फिलिंग कर वहां व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने का प्रयास किया गया था। तब शहर वासियों ने तालाब पाटने का विरोध किया था। इस पर स्थानीय प्रशासन ने तालाब पाटने पर रोक लगाते हुए तालाब को जनहित में समर्पित किया था। साथ ही तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यकरण नगर पालिका के माध्यम से कराया गया था, लेकिन कुछ लोगों की टेढ़ी नजर फिर से तालाब पर पड़ गई है। नगर पालिका की उदासीनता के कारण तालाब गंदगी से पटा पड़ा है। नाली का पानी तालाब में गिर रहा है। वहीं पूरा तालाब जलकुंभी से पट गया है।

#### रुकवाए हैं कार्य

मामले की शिकायत मिली थी। इसके उपरांत न्यायालय तहसील से स्थगन आदेश जारी किया गया। इसके बाद पटवारी को मौके पर भेज कर निर्माण कार्य रुकवा दिए हैं।

**-प्रशांत पटेल,**
तहसीलदार चांपा

### अगहन का दूसरा गुरूवार आज...



**जांजगीर-चांपा।** अगहन महीने का दूसरा गुरूवार 13 नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन पूरे विधिविधान के साथ महिलाओं के द्वारा घर में पदचिन्ह बनाकर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाएगी।

### घर घुसकर नाबालिग बालिका से छेड़खानी, दो गिरफ्तार

**अकलतरा।** नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली कि पीड़िता नाबालिग बालिका 8 नवंबर को दोपहर घर में थी तभी आरोपियों द्वारा छेड़खानी करने लगे। पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेचना दौरान संजू बरेठ उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खोंड़ एवं अतुल यादव उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खोंड़ को पकड़ा एवं हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा, स्वाती गिरोलकर ,जयप्रकाश रात्रे का योगदान रहा।

## प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की थी आत्महत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पति की प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला थाना घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम कोटरीमाल का है, जहां बसंतपुर धरमजयगढ़ निवासी 28 वर्षीय श्रीमती आसंमोती उर्फ दिला बिरहोर ने 9 नवंबर की दोपहर आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मर्ग जांच में पाया कि मृतिका को उसका पति सुंता बिरहोर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। साक्ष्य मिलने पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।



जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2019 में सुंता बिरहोर और मृतिका दिला बिरहोर के बीच प्रेम संबंध के बाद विवाह हुआ था। विवाह के बाद दोनों कुछ वर्ष तक बसंतपुर में साथ रहेए इस दौरान उनके एक पुत्र का जन्म हुआ। पुत्र के जन्म के बाद पति.पत्नी के बीच विवाद बढ़ा और सुंता बिरहोर अपनी पत्नी और बच्चे को छोड़कर अपने गांव कोटरीमाल लौट गया तथा लगभग चार वर्षों तक पत्नी से अलग रहा। अक्टूबर 2025 में दीपावली के पहले वह पत्नी को वापस अपने साथ ले गया, परंतु घरेलू कलह और मारपीट की प्रवृत्ति में कोई बदलाव नहीं आया।

### स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी मिली कम

# डीईओ ने किया औचक निरीक्षण, 2 शिक्षक नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 2 शिक्षक अनुपस्थित मिले। वहीं स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी कम पाई गई। अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के स्तर को ऊंचा उठाने शासन द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। इसके बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की गैरहाजिरी और तरह तरह की शिकायतें सामने आती रहती है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने व्यवस्था का जायजा लेने बुधवार 12 नवंबर को बलौदा ब्लॉक के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। डी ई ओ की टीम ने दर्राभांठा के शासकीय प्राथमिक शाला, लछनपुर के शासकीय हाई स्कूल, मड़वा के शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला और हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान डी ई ओ ने बच्चों से चर्चा करते हुए पढ़ाई के स्तर और अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम नजर आई। इस पर डी ई ओ ने शिक्षकों को बच्चों को प्रेरित कर उपस्थिति बढ़ाने निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान 2 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। डी ई ओ ने अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। डी ई ओ ने सर्वप्रथम शासकीय प्राथमिक शाला दर्राभांठा का निरीक्षण किया। स्कूल के 25 में से 17 विद्यार्थी उपस्थित थे। वहीं एक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़वा में 140 की दर्ज संख्या में 49 विद्यार्थी अनुपस्थित मिले। स्कूल में एक शिक्षक बिना आवेदन के अनुपस्थित पाए गए। शासकीय प्राथमिक शाला मड़वा में 2 शिक्षक अवकाश पर पाए गए। वहीं 142 की दर्ज संख्या में 111 विद्यार्थी उपस्थित मिले। शासकीय हाई स्कूल लछनपुर में निरीक्षण के दौरान कक्षा नवमी में 40 में से 27 विधार्थी ही उपस्थित थे। डी ई ओ ने शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए तैयारी करने निर्देशित किया।



स्कूल में बच्चों से चर्चा करते डीईओ।

## दुर्घटना को आमंत्रण दे रही वार्ड क्रमांक 17 में बनी नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में बनी नाली दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। जिसके चलते मार्ग से होकर गुजरना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

नगर पालिका सक्ती के वार्ड क्रं. 17 में नाका चौक से रेल्वे फाटक तक रोड किनारे बनी नाली की हालत खराब हो चुकी है। वहीं जिम्मेदार नगरपालिका इंजिनियर द्वारा नाली का नक्सा पास किया है, जोकि गलत तरीके से बनाया गया है। जिसे रोड से मिलाकर नाली का निमार्णा किया गया है। जिसके कारण आये दिन बडे बडे हादसा हो रहे है। यहां पर दो स्कूल होने के कारण हजारो की संख्या मे बच्चे रोज पढने आते है एवं मालखरौदा से जैजैपुर से हजारों की संख्या में आमनागरिक यहां से गुजरते है। जो नाली बनी हुई थी वह जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसे लेकर वार्डवासी धरने पर जाने का मूड बना रहे है।



टूटी नाली।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को लेकर लोकसभा प्रभारी आज लेंगे बैठक



**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में 12 नवंबर को प्रातः 11 बजे पूर्व मंत्री एवं एसआईआर के कांग्रेस कोरबा लोकसभा प्रभारी जयसिंह अग्रवाल बीएलओ की बैठक लेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, सेवादल, पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस, पूर्व पार्षद, मंडल कमेटी, पार्षद प्रत्याशी, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बूथ लेवल एजेंटो को आमंत्रित किया गया है। वहीं बरपाली में भी बुधवार की दोपहर दो बजे बीएलओ की बैठक रखी गई है, जिसमें कांग्रेस के सभी अनुषंगी संगठनों के पदाधिकारियों, बूथ कमेटी के साथ बूथ लेबल एजेंडों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने बताया कि एसआईआर को लेकर विधानसभावार बैठक आहूत कर निगरानी रखने रणनीति तय करने के लिए बैठक आयोजित किया गया है।

### राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स में 12 लीडर्स हुए सम्मिलित



**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय स्पेशल कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स में कोरबा जिले से 12 लीडर्स सम्मिलित हुए। रायपुर स्थित राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसंधान केंद्र में 4 से 8 नवम्बर तक सेक्रेटरी एवं ऑर्गनाइजर, मैपिंग एवं स्टार गैजिंग, पायनियरिंग एवं इस्टीमेशन का स्पेशल कोर्स आयोजित किया गया। इसमें राज्यभर से लीडर्स की भागीदारी हुई। तीनों कोर्स में जिले से जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) डीगम्बर सिंह कौशिक, विकासखंड सचिव प्रीतम लाल राजवाड़े, भागीरथी श्रीवास, नमिता श्यामकुंवर कड़वे, लक्ष्मी राज, विकासखंड संयुक्त सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, नोहर चंद्रा, मनराखन अगरिया, गाइडर पुष्पा शांडिल्य, स्काउटर लोकनाथ सेन, डिंपल सिंह ने भागीदारी की। जिले से राज्य स्टॉफ में बतौर सहायक संचालक स्काउटर एसआर अमित सम्मिलित हुए। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू के दिशा निर्देश पर कोर्स आयोजित हुआ। कोर्स का नेतृत्व अशोक कुमार देशमुख, खोड़स राम कश्यप, अमित क्षत्रिय, जेरमिना एक्का द्वारा किया गया।

### धान खरीदी हेतु समितियों में प्रभारी अधिकारी हुए नियुक्त

**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन का कार्य संयुक्त रूप से समिति प्रबंधक के साथ शासकीय विभागों के अधिकारियों को समिति स्तर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी हेतु प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है। विकासखंड कटघोरा अंतर्गत 6, करतला 12, कोरबा- 6, पाली - 8 और विकासखंड पोंड़ी उपरोड़ा अंतर्गत 9 कुल 41 आदिम जाति सेवा सहकारी समिति शामिल हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अखरापाली हेतु तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा, कटघोरा- तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, छुरीकला- अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग प्रदीप मरकाम, जवाली- अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सतीश पाण्डेय, दूरपा- अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनुज भार्गव और समिति भिलाईबाजार हेतु नायब तहसीलदार दीपका वंदेराम भगत को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है। इसी तरह विकासखंड करतला अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कनकी हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय, करतला-नायब तहसीलदार करतला देवेन्द्र कुमार, कोथारी- सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला शीतल अग्रवाल, चिकनीपाली - उप अभियंता जनपद पंचायत करतला गुलजार मरावी, तुमान- राजस्व निरीक्षक बरपाली केशर चौहान, नवापारा- अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नरेन्द्र सरकार, पठिया पाली- उप अभियंता जनपद पंचायत करतला आदि शामिल हैं।

## मामला गोपालपुर से कटघोरा एनएच पीडब्ल्यूडी सड़क का

# पहले बारिश की वजह से नहीं हुई मरम्मत और अब विभाग कर रहा काम में देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोपालपुर से छुरी होकर कटघोरा तक जाने वाली एनएच पीडब्ल्यूडी की सड़क जर्जर होने के कारण आम राहगीरों को पिछले कई महीनों से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के द्वारा पहले बारिश के कारण मरम्मत का कार्य शुरु नहीं किया जा सका था और अब मरम्मत के काम में विभाग के द्वारा हिला हवाला बरती जा रही है। जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं।

**खास बात**

- एनएच पीडब्ल्यूडी बिलासपुर प्रोजेक्ट के जिम्मे है सड़क मरम्मत का काम

दर्री बांध से लेकर गोपालपुर एनटीपीसी जमनीपाली जैलगांव सहित छुरी कटघोरा सड़क मार्ग का निर्माण एनएच पीडब्ल्यूडी के द्वारा कराया गया था। चौड़ी सड़क की सुविधा मिलने से आम लोगों को कटघोरा तक के लिए अच्छी सुविधा मिल गई थी लेकिन यह सुविधा भी इस बार की बारिश में घुस गई। दर्री से लेकर गोपालपुर तक सड़क कुछ हद तक ठीक है किंतु गोपालपुर से लेकर कटघोरा तक की सड़क की स्थिति जिस तरह बदहाल हो गई है उसे देखकर यह कोई नहीं कहेगा कि यह एनएच की सड़क है। मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे जिसमें भारी वाहनों के फंसने से घंटों तक सड़क में जाम लगा रहा। बारिश खत्म होने के बाद विभाग इन गड्ढों में मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर रहा है। उसके इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को यह उम्मीद थी कि तत्काल मरम्मत का काम शुरु हो जाएगा किंतु बारिश खत्म हुए एक माह का समय बीतने को है। एनएच पीडब्ल्यूडी ने अब तक सड़क का मरम्मत कार्य शुरु नहीं हुआ है।



जर्जर सड़क से वाहनों के आवागमन से उठती है धूल।

### बिलासपुर प्रोजेक्ट के हवाले मरम्मत का काम


गोपालपुर से कटघोरा तक की सड़क मरम्मत का काम एनएच पीडब्ल्यूडी के बिलासपुर प्रोजेक्ट के जिम्मे दिया गया है जिसके द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर मरम्मत का कार्य शुरु किया जाएगा। टेंडर की प्रक्रिया विभाग के द्वारा शुरु कर दी गई है। शीघ्र ही मरम्मत का कार्य भी शुरु किया जाएगा। सड़क के कई स्थानों में पानी भरने के साथ सड़क के दोनों ओर स्थित खेतों में पानी भरा हुआ था जिससे नमी के कारण मरम्मत कार्य में तकनीकी दिक्कतें हो रही थी। एनएचएआई के कोरबा प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी डी पर्लावार ने बताया कि सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र शुरु किया जाएगा। उक्त सड़क एनएच पीडब्ल्यूडी के बिलासपुर प्रोजेक्ट के जिम्मे है।

### यात्री बसों के साथ गुजरते हैं भारी वाहन

कटघोरा से कोरबा आने के लिए यही एकमात्र मुख्य सड़क है। जिससे बिलासपुर एवं अन्य जिले की ओर आने जाने वाली यात्री बसों का भी गुजरना होता है और साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाले भारी वाहन भी इसी सड़क से शहर में प्रवेश करते हैं। बालको संयंत्र आने वाले भारी वाहन भी दर्री नए पुल से गुजरते हुए रुमगड़ा मार्ग से बालको पहुंचते हैं। ऐसे भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण एनएच की सड़क ग्रामीण अंचलों की सड़क जैसी नजर आती है।

# शहर में 7 किलोमीटर दूरी के यूनिटी मार्च का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 13 नवम्बर की सुबह 9 बजे से शहर में लगभग 7 किलोमीटर दूरी की यूनिटी मार्च (एकता रैली) का आयोजन किया जाएगा। यूनिटी मार्च पम्प हाउस ब्रिलियंट स्कूल के समीप स्थित कुर्मी समाज भवन परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व मुख्य मार्गो से गुजर कर शास्त्री चौक निर्मला स्कूल पहुंचेगा, जहां पर मुख्य मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

**खास बात**

- निगम आयुक्तने जिला प्रशासन, खेल विभाग व नगर निगम के अधिकारियों के साथ रूट का किया निरीक्षण

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं निगम के अधिकारियों के साथ यूनिटी मार्च के समूचे रूट का निरीक्षण कर यूनिटी मार्च के भव्य आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, एडीएम देवेन्द्र पटेल, अपर कलेक्टर ओंकार यादव, एसडीएम सरोज महिलांगे, सीएसपी भूषण एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर उपाध्याय, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, उपायुक्त पवन वर्मा, सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### साफ-सफाई के साथ होंगी अन्य व्यवस्थाएं

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ यूनिटी मार्च के सम्पूर्ण रूट का सघन रूप से निरीक्षण कर सड़कों की विशेष साफ-सफाई, रूट में पड़ने वाले चौक-चौराहों पर सुविधा स्थल स्थापित करने, पेयजल व्यवस्था, स्वल्पाहार, महापुरूषों की प्रतिमा स्थलों पर माल्यार्पण की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण रूट में आवागमन व यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा कर चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

# जनपद सदस्यों ने प्रभारी अधिकारी को हटाने पारित किया प्रस्ताव



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के सदस्यों द्वारा जनपद के राशन कार्ड शाखा सहित दो अन्य शाखाओं के प्रभारी अधिकारी को हटाने के लिए प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद भी उक्त अधिकारी के अपने पद पर जमे होने से सदस्यों में रोष व्याप्त हो गया है इससे जनपद में तनाव की स्थिति निर्मित होती जा रही है।

**खास बात**

- मामला जनपद पंचायत कोरबा के राशन कार्ड शाखा प्रभारी का

जनपद पंचायत कोरबा में प्रभारी अधिकारी और बाबुओं की वजह से कामकाज प्रभावित हो रहा है। जनपद सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर अब मुखर होना शुरु कर दिया है। जनपद सदस्य श्रीमती उषा खूंटे के द्वारा पंचायत सचिव के साथ प्रभारी अधिकारी का मुद्दा उठाया गया है। श्रीमती खूंटे ने रजगामार ग्राम पंचायत के सचिव मुखी सिंह कंवर को रजगामार से अन्यत्र हटाने हेतु प्रस्ताव रखा। जिसे उच्च अधिकारी के द्वारा पत्र जारी किया गया है। इसी तरह प्रभारी अधिकारी आशुतोष मिश्रा को भी हटाने का प्रस्ताव 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत में आहूत की गई। श्रीमती उषा खूंटे ने बताया कि आशुतोष मिश्रा के स्थान पर किसी और को प्रभार देने का प्रस्ताव लाया गया। बैठक में जनपद सदस्य ने अमलडीहा से मालीकछार सड़क निर्माण के साथ चिर्रा श्यांग सीसी रोड का निर्माण शीघ्र शुरु कराए जाने का प्रस्ताव लाया गया।

### पत्नी की तीन माह पहले हुई थी मौत, पति ने जहर खाकर दे दी जान

**कोरबा।** कुछ माह पूर्व पत्नी की मौत हो जाने से दुखी एक 65 वर्षीय वृद्ध पति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंगचुलभांठा निवासी दुखीराम 65 वर्ष पिता भुखउराम शनिवार को काम से लौटने के बाद देर शाम घर नशे की हालत में घर आया और जहर का सेवन कर लिया। उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि दुखीराम की पत्नी की तीन माह पहले ही मौत हुई थी। पत्नी की मौत होने के बाद से दुखीराम टेंशन में रहता था। संभावना जताई जा रही है कि पत्नी की मौत से परेशान होकर पति ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।




# गौवंश संरक्षण हेतु गौ सेवा समिति की बैठक

**कोरबा।** जिले की गौ सेवा समिति की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष विनय सिंह राठिया की अध्यक्षता में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रभारी उपसंचालक डॉ. मयंक गोस्वामी ने किया। बैठक में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत गौवंश के संरक्षण और संवर्धन हेतु गौ सेवा धाम संचालित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में 10 गौ सेवा धाम संचालित किए जाएंगे, जिनमें घूमंतू एवं निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर गौ सेवा समितियों का गठन किया गया है, जिनमें सरकार के प्रतिनिधियों सहित अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति पशुधन विकास विभाग द्वारा की गई है। बैठक में जिला समिति के अध्यक्ष श्री विनय सिंह राठिया ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रथम चरण में गौ सेवा धाम हेतु स्थल चिन्हांकन किया जाएगा।

# कॉलेज छात्राओं के साथ लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर में राह चलते छात्राओं के साथ लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा है। जिन्होंने पिछले 24 घंटों में दो छात्राओं के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी बस्ती निवासी अंशु केंवट ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। 10 नवंबर की सुबह लगभग 12 बजे वह घर से पैदल कॉलेज जा रही थी अभी वह सप्तदेव मंदिर के पास पहुची थी कि पीछे से एक मोटर सायकल सवार युवक पहुंचा और उसके हाथ में रखा हुआ मोबाइल छीनकर फरार हो गया। मोटर सायकल का नंबर सीजी 12 एजी 7740 है। लूट की दूसरी घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के समीप घटित हुई है। अनुष्का सिंह दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत नीलगिरी बस्ती में निवास करती है। जो मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। सोमवार को अनुष्का कॉलेज आयी हुई थी और दोपहर 3.30 बजे वापस अपने घर जाने के लिए मिनीमाता कालेज से निकलकर पैदल सीएसईबी चौक की ओर जा रही थी जैसे ही एटीएम के पास पहुंची उसी समय पीछे से मोटर सायकल से दो युवक पहुंचे और कैंची से उसके उपर जानलेवा हमला करने की कोशिश की और उसे डराकर उसके हाथ में रखा हुआ मोबाइल लूटकर फरार हो गये। छात्राओं के साथ लूटपाट की घटना सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एक्शन में आये और लुटेरों की धरपकड़ के लिए पुलिस की विशेष टीम को निर्देशित किया और पुलिस की टीम ने आरोपियों के धरपकड़ के लिए छानबीन शुरु किया और मुखबीर के मिले सुराग के आधार पर उरगा निवासी दीपक कुर्रे, खरमोरा निवासी कन्हैयालाल यादव और शंकर नगर निवासी विशाल पावले को पुलिस ने धरदबोचा है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 17/ब-121/2025-2026
ग्राम- कनकपुर तहसील-बम्हनीडीह

**आवेदक श्री जोत प्रकाश उम्र 24 वर्ष पिता श्री जगतराम जाति सतनामी निवासी ग्राम कनकपुर तहसील व थाना बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका नीतू चंद्रा उम्र 23 वर्ष पिता गंगाराम जाति चंद्रनाहू निवासी कनकपुर तहसील व थाना बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) बनाम छत्तीसगढ़ शासन**

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम कनकपुर तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जोत प्रकाश उम्र 24 वर्ष पिता श्री जगतराम जाति सतनामी निवासी ग्राम कनकपुर तहसील व थाना बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका नीतू चंद्रा उम्र 23 वर्ष पिता गंगाराम जाति चंद्रनाहू निवासी कनकपुर तहसील व थाना बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार/आम सूचना**

सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मेंहदी में रामप्रसाद पिता फिरतराम यादव निवासी राहौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के नाम पर ख.न.- 171/5 रकबा 0.04 ए. भूमि बिलासपुर शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार अंजनी श्रीवास पिता बिहारीलाल श्रीवास निवासी-बुंदेला के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा की गयी है जिसके बैयाना स्वरूप मेरे पक्षकार द्वारा रामप्रसाद यादव राशि अदा की जा चुकी है। जिसका पंजीयन निकट भविष्य में होनी है। उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो वह स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम उक्त ईश्तहार के जारी दिनांक से एक सप्ताह के अंदर मेरे निवास स्थान या कार्यालय में दावा आपत्ति कर सकते हैं। नियत समय के पश्चात दावा आपत्ति किये जाने पर उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे कार्यालय द्वारा जारी की जाती है।

**अधिवक्ता**
**संतोष कुमार यादव**
**व्यवहार न्यायालय पामगढ़**
**मो.न.-9827963912**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र... ........................ अ-2/2025-26
ग्राम पुछेली.... प.ह.नं......02... ....
तहसील बम्हनीडीह
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुछेली प.ह.न. 02 तहसील-बम्हनीडीह जिला- जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री लक्ष्मीनारायण पटेल पिता धजाराम पटेल निवासी ग्राम-पिपरदा तहसील-बम्हनीडीह जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 25/11/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची :खसरा नं. 631/4 रकबा 0.010 हेक्टेयर भूमि .... लगान... पैसे**

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 10/11/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र..... ............अ-2/2025-26 ग्राम ..... पिपरदा.... प.ह.न.....01...**
**तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिपरदा प.ह.न. 01 तहसील-बम्हनीडीह जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री लक्ष्मीनारायण पटेल पिता धजाराम पटेल निवासी ग्राम-पिपरदा तहसील-बम्हनीडीह जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 25/11 /2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची :**
खसरा नं. 499/10 रकबा 0.030 हेक्टेयर भूमि .... लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 10/11/2025.... को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक/92/ तह. वाचक- 01/2025
**नवागढ़, दिनांक 11/11/2025**
रा.प्र.क्र.-202509062200017/अ-6अ/8/2024-25
ग्राम-ठकुरदिया प.ह.नं- 10

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक-202509062200017/अ-6अ/2024-25 पक्षकार गेंदराम साहू बनाम मेटकी बाई ग्राम ठकुरदिया ने दिनांक 11/11/2025 के राजस्व आदेश पत्र के परिपालन में अनावेदकगण मेटकी बाई पिता सूखूराम जाति तेली साकिन ठकुरदिया तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की उपस्थिति हेतु आदेशित किया गया है। अनावेदिका की उपस्थिति हेतु दैनिक समाचार पत्र नोटिस का प्रकाशन जारी किया गया। जारी नोटिस प्रकाशन में अनावेदकगण दिनांक 26/11/2025 को उपस्थित होकर अपना जवाब न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त जबाब पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**नवागढ़**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style

# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेरतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने



और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।

इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद


पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन

**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।





## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### बेल्हाडीह में तीन दिवसीय गौरा-गौरी का विसर्जन के साथ हुआ संपन्न



बेल्हाडीह। ग्राम बेल्हाडीह में पारंपरिक तरीके से गौरा-गौरी का चुलमाटी और प्रतिमा श्रृंगार के बाद भगवान शिव और माता पार्वती की बारात पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस उत्सव में देर रात तक धूम रही, जहां भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।आशीर्वाद लेने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक कई भक्त जमीन पर लेट गए, जिसके ऊपर से प्रतिमाओं को ले जाया गया। देर रात गौरा-गौरी की बारात गाजे-बाजे के साथ निकली गई। कई घरों से मिट्टी के दीपक और पूजा सामग्री गौरा चौरा में स्थापित की गई। घर-घर की महिलाओं ने विसर्जन यात्रा में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की प्रतिमाओं का पूजन कर परिवार की समृद्धि की कामना की। बारात में भक्त पूरी रात नाचते-गाते उत्साह मनाते रहे।

### अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट चुनाव : सौरभ ईश्वर पुनः अध्यक्ष एवं सचिव निर्वाचित





**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला एवं ई टी जे के नेशनल स्कूल की संचालक संस्था अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री सौरभ सिंह को पुनः अध्यक्ष एवं ईश्वर खंडेलिया को पुनः सचिव निर्वाचित किया गया इसके अलावा अशोक अग्रवाल को उपाध्यक्ष ,पंकज दोशी को सहसचिव ,स्वप्निल जैन को कोषाध्यक्ष एवं विकास केडिया को आय व्यय निरीक्षक निर्वाचित किया गया। उल्लेखनीय है कि सौरभ सिंह जहां पांचवीं बार अध्यक्ष चुने गए वहीं ईश्वर खंडेलिया को 11वीं बार सचिव निर्वाचित किया गया है इसके साथ ही देवेंद्र जैन राजकुमार गुप्ता अरविंद जैन अविनाश लाटा हेमंत सिंह बैस निखिल कौशिक मदन जैन विवेक छपरिया एवं निलेश अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि 1954 में स्थापित इस संस्था में अपने स्थापना काल से अब तक 72 वर्षों में कभी भी मतदान नहीं हुआ है। पदाधिकारीयों की नियुक्ति हमेशा ही सर्वसम्मति से हुई है।

### ईशर गौरा-गौरी विवाह एवं महापूजा की तैयारी चल रही जोरों पर

**अकलतरा।** पंच बुढ़ादेव देवठाना गोंडवाना भवन देव किरारी में अगहन अंधियारी तिथि दशमी 15 नवंबर शनिवार के पावन पर्व पर समय सुबह 7 बजे से पूर्ण रात्रिकाल तक अनुशासित सामाजिक धर्मिक गोंडी रिति-रिवाज रूढ़िजन्य परंपरा के तहत ईशर गवरा विवाह एवं महापूजा का आयोजन किया गया है। परंपरा अनुसार धनतेरस पर्व के एक दिन पहले से ही छत्तीसगढ़ के गांव में ईशर गौरा-गौरी जगाने की रस्म शुरू हो जाती है। रात में आदिवासी समाज के लोग गौरा चौरा में एकत्रित होते हैं। पारंपरिक गढ़वा बाजा की देव धुन के साथ हाथ में चावल लेकर गौरा-गौरी का आह्वान करते हैं। साथ ही महिलाएं घर-घर में जाकर सुआ नित्य करती हैं।आदिवासी समाज के लोगों ने बताया कि लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गौरा-गौरी उत्सव मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस परंपरा का निर्वहन मुख्य रूप से आदिवासी समाज करता है। अन्य समाज के लोग भी इस पर्व में सहभागी बनते हैं।रात को गौरा कलशा श्रृंगार करने की परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती की भव्य और आकर्षक बारात निकाली जाएगी। आदिवासी समाज के द्वारा क्षेत्र वासियों को न्योता देकर आमंत्रित किया जा रहा है। आदिवासी समाज देव करारी के फूल सिंह जगत, वीरेंद्र मरावी,प्रताप मरावी, सुरेश प्रताप,सूरज सिंह नेटी, नंदकिशोर ,नारायण मरकाम ,सुशील मरावी ,अभिषेक मरकाम, बीशेख मरकाम, रामखिलावन जगत बसंत ,दुलेश मरावी ,देव सिंह, शत्रुघ्न जगत फिरत मरावी दीपक जगत ,रवि मरकाम, विवेक मरकाम ,प्रतीक मरकाम, नंदकिशोर मरावी ,राकेश मरावी दुर्गेश मरावी , पंचरत्न जगत ,धीरेंद्र सिंह मरावी, और समाज के बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए हैं ।

## निर्माण कार्यो की गुणवत्ता व कार्य पर प्रगति लाने दिए निर्देश

# निर्माणाधीन महतारी सदन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत सकरेलीकला में निर्माणाधीन महतारी सदन भवन का जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सामग्री के उपयोग एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि बुधवार 12 नवंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन ने विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम सकरेली कला में निर्माणाधीन "महतारी सदन" भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग, कार्य की प्रगति तथा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि भवन का उपयोग लंबे समय तक सुचारू रूप से किया जा सके। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच ने महतारी सदन परिसर हेतु शौचालय निर्माण की मांग रखी, जिस पर श्री जैन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने कहा कि "महतारी सदन" महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थल होगा, जहाँ महिलाएं, स्व-सहायता समूहों के सदस्यों की बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी कई विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा सकेंगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग, कार्य की प्रगति तथा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि भवन का उपयोग लंबे समय तक सुचारू रूप से किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग सक्ती, संबंधित सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।





महतारी सदन निर्माण का जायजा लेने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ।

## वाहनों की कतार...



अकलतरा। नो एंट्री के दौरान लगी भारी वाहनों की लंबी कतार।

# पेंशनरों को घर बैठे ही उपलब्ध कराई जा रही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पेंशनरों को अब घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा मिल रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से उनके डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए जा रहे है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला कोषालय अधिकारी उपेंद्र पटेल, भारतीय स्टेट बैंक सक्ती तथा पोस्ट ऑफिस के संयुक्त तत्वावधान में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के तहत विगत दिवस छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर प्रकोष्ठ जिला सक्ती की उपस्थिति में सियान सदन सक्ती में पेंशनरों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशन में जिला कोषालय अधिकारी द्वारा पेंशनर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से संपर्क कर जिले के पेंशनरों के लिए ज्यादा से ज्यादा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाने के सकारात्मक पहल के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन की उपस्थिति में बड़ी संख्या में पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाया गया। वयोवृद्ध पेंशनर चिंताराम जांगडे सहित अन्य कई पेंशनरों के घर पहुंचकर भी डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया गया।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हर्षित को मिला स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम अकलतरा के होनहार छात्र हर्षित सिंह बैस का सलेक्शन क्रिकेट अंडर 14 वर्ग में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर स्टेट सलेक्टर क्रिकेट कमेटी ने किया था।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का 28 अक्टूबर 1 नवंबर को सरगुजा में संपन्न हुआ , जिसमें खिलाड़ी छात्र हर्षित सिंह बैस पिता संदीप सिंह बैस ने क्रिकेट अंडर 14 वर्ग में अपने तूफानी अंदाज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हर्षित सिंह ने अपने कुशल प्रदर्शन, अनुशासन, और टीम भावना के साथ खेलते हुए सभी 4 संभाग बस्तर , रायपुर ,दुर्ग , सरगुजा को पराजित करते हुए पूरे बिलासपुर संभाग को प्रथम स्थान पर अजेय रखा और गोल्ड मेडल प्राप्त किया। संभाग के साथ ही साथ अपने विद्यालय, जिले को भी गौरवान्वित किया। प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह ने कहा कि हर्षित सिंह बैस एक प्रतिभावान छात्र और खिलाड़ी है उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय सहित पूरा अकलतरा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी , बी आर सी शैलेन्द्र सिंह बैस प्राचार्य आशीष मिश्रा , विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी संजय कुमार यादव , व्यायाम शिक्षक अमन शर्मा , रामकृष्ण परमहंस तिवारी , प्रमोद कुमार तिवारी, चंद्रशेखर महतो , स्वर्णा तिवारी सूरज चौबे, अभिषेक मिश्रा सहित पूरे घर परिवार और अकलतरा वासियों को व उनके बिलासपुर संभाग के जो कोच नियुक्त थे। विशाल दुबे को पूर्ण उम्मीद है कि हर्षित सिंह का चयन उनके प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अवश्य होगा।



## पीएम मुफ्त सूर्यघर योजना से हर घर को सौर उर्जा से आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर योजना की पामगढ़ में सांसद ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना से हर घर को सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बनाना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, गुरु दयाल पाटले, जपं पामगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेश जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, नपं खरौद अध्यक्ष गोविन्द यादव, नपं पामगढ़ अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े, सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्कर दिनकर, तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा उपस्थित रहे। एजेंसी के संचालक सुदेश दिवान एवं सुधीर तिवारी महामंत्री ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का उद्बोधन सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य हर घर को सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना से आम जनता को बिजली बिल से राहत मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े का उद्बोधन श्री जांगड़े ने कहा कि "यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए वरदान साबित होगी। अब लोग अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर न केवल मुफ्त बिजली पा सकेंगे बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर सकेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।



### इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में बेटियों के लिए विविध कार्यक्रम

**अकलतरा।** शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग ,महिला उत्पीड़न उन्मूलन समिति, आंतरिक परिवाद समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बेटियों के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टाफ सेंटर की सुश्री निशा खान ने विद्यार्थियों को किशोरावस्था में विपरीत लिंगों के प्रति आकर्षण के समय संयम बरतने साथ ही बेटियों को बचाने एवं पढ़ाने के लिए परिवार में जागरूकता लाने और वर्तमान समय में साइबर क्राइम से बचने के लिए सतर्क रहने की बात कही। राष्ट्र सेविका सत्या माही साहू ने कॉलेज की छात्राओं को शिक्षा प्राप्त कर सशक्त समाज के निर्माण के लिए अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर श्रीमती रजनी साहू ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन अपने आशीर्वचनों से किया। परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश्वरी पाटले ने विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एल पी मिरी ने नए जमाने में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी और प्रदर्शन के बारे में चर्चा की।

## बिना जांच के फिर से शुरू हो गया निर्माण कार्य, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम बुचीहरदी में 2024 में माता चौरा के नाम से स्वीकृत राशि के निर्माण कार्य में गड़बड़ी को लेकर पूर्व विधायक द्वारा की गई शिकायत पर जांच तो नहीं हो सकी। चुपके से यह कार्य फिर से कराए जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर फिर से शिकायतें होने लगी है।

**खास बात**

- तत्कालीन विधायक की शिकायत पर कार्य में लगी थी रोक, अब बिना जांच के ही हो रहा काम

शिकायत के अनुसार तत्कालीन विधायक अकलतरा सौरभ सिंह द्वारा विधायक मद से ग्राम बुचीहरदी में कंकालिन माता मंदिर के समीप माता चौरा निर्माण के लिए 5 लाख स्वीकृत की गई थी। पंचायत ने इसका निर्माण शुरू किया तो निर्माण में गुणवत्ता मानकों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने तत्कालीन विधायक सौरभ सिंह से की थी और तत्कालीन विधायक सौरभ सिंह ने इस पत्र के परिप्रेक्ष्य में जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच का आग्रह किया था। जिसके चलते जांच पूर्ण होने तक राशि रोक दी गई थी । विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के बाद राज्य में सरकार बदल गयी। तत्कालीन सरपंच भी पूर्व सरपंच हो गये और माता चौरा का निर्माण भी अधूरा रह गया, लेकिन अचानक ही उस अधूरे माता चौरा को रंगमंच के नाम से फिर बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि उनकी शिकायत पर कोई जांच नही हुई है और राशि फिर से जारी कर दी गई है। इस मामले में संबंधित तकनीकी सहायक ने भी हरीझंडी दे दी । अब सवाल यह उठता है कि जिस मामले में शिकायत पूर्व विधायक सौरभ सिंह और वर्तमान में खनिज विकास निगम अध्यक्ष द्वारा की गई थी उस मामले में जांच कैसे नहीं हुई । चुनाव नजदीक होने के चलते जांच नहीं भी हुई तो अब बिना जांच राशि आहरित कैसे हो गयी और तकनीकी सहायक ने कैसे इसका भौतिक सत्यापन कर दिया। इस बीच तीन सीईओ बदल चुके हैं।

इस संबंध में जनपद सीईओ शैलेश भगत का कहना है कि उन्होंने अभी अभी ज्वाईनिंग की है। इस बारे में जानकारी ली जाएगी।





## झमाझम डांस प्रतियोगिता में भिलाई की प्रतिमा ग्रुप प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर बीरभाठा मालखरौदा में डांस प्रतियोगिता रखी गई। जिसमे भिलाई की प्को प्रतिमा ग्रुप प्रथम रहा जिसने मां दुर्गा के नौ रूपों को नृत्य करा कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

सांस्कृतिक अनुष्ठान का शुभारंभ बीडीसी आनंद दास, सरपंच बुद्धेश्वर नाविक तथा गणमान्य अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा के साथ हुआ, जबकि आंगनवाड़ी तथा स्कूल की नन्ही बालिकाओं राज्य गीत में आंगनवाड़ी तथा स्कूल कि नन्ही बालिकाएं थिरकती रही। मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर डांस के कलाकार भरे हैं जिन्हें मंच देकर वीरभाठा आगे बढ़ा रहा है इस प्रतियोगिता में प्रतिमा समूह भिलाई प्रथम रहा। जिसने दुर्गा देवी की नौ रूपों में नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। किशोर नाविक द्वारा प्रदत्त 10001 रुपए इस ग्रुप कलाकारों को समिति ने पुरस्कृत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में दूसरा छत्तीसगढ़ धरोहर ग्रुप कोरबा, तीसरा शरारा ग्रुप भटगांव, चौथ एआई स्टेप झांझर गुड़ा उड़ीसा, पांचवा जय मां बंजारी शक्ति, 6व मन के मिता कसडोल, सातवां नन्हे संगवारी जांजगीर, आठवां शहजाद ग्रुप खोखरा नोवा शिवानी ग्रुप लैलूंगा तथा दसवां मोहिनी ग्रुप कलमा बैराज रहे। मंच संचालन सुलेख नाविक तथा उमेंद्र यादव आकर्षक ढंग से कर सूर्योदय होते तक दर्शकों को बांधे रखें। सरपंच एवं वोट लाल केवट रामेश्वर यादव तथा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों, सहयोगियों एवं ग्राम वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## भाजपा मंडल कोड़ाभांट में विशेष पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोड़ाभाट (खरौद) के तत्वावधान में विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यशाला ग्राम खोरसी स्थित शिव शक्ति महाविद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े तथा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष लहरे ने मुख्य अतिथि एवं हृदय यादव जिला मंत्री उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी के माध्यम से मतदाता सूची में आवश्यक सुधार कर बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाया जा सकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ क्षेत्र में मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी की नीतियों की जानकारी देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह,मंडल महामंत्री द्वय उत्तम सोनी महामंत्री सनत साहू उपाध्यक्ष रामकिर्तन कश्यप , गोपाल आदित्य नगर पंचायत खरौद अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, बसंत यादव,शरद चंद्र शर्मा, धरम सिदार, सुखंदन देवांगन, डमरू मनहर, पुष्पराज त्रिपाठी, सम्मेलन साहू, दिलीप दुबे,खेदनाथ साहू, रितेश सिंह, बैजु, सत्यनारायण शर्मा, विजय यादव, योगेश उपाध्याय, राजकुमार, रामहरि साहू, समित साहू,साकेत, रामकली डडसेना, पुष्पेंद्र सिंह, अश्वनी देवांगन, दिगंबर तिवारी, कपिल आदित्य, हेमंत यादव,राजेंद्र आदित्य, सनद धीवर, यशवंत कुमार, अमृत लाल, अशोक, ओम प्रकाश साहू, मदन साहू, मुरारी कश्यप, सुनील खूंटे, मनेंद्र मनहर, बद्री पटेल, सीताराम, जीवन यादव, प्यारे कश्यप,सोन चरण, राजू, दीपक कुमार, रामचंद्र, सतीश शर्मा, प्रीतम पटेल, प्रवीण सिंह,सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक बसंत यादव, सह संयोजक सुखनंदन देवांगन तथा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रशांत दुबे का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला के दौरान आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा मतदाता सूची सुधार पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।



कार्यशाला में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी।



